केन्द्र/Computer Centre
डायरी सं0/Diary No. 7.5.6
दिनांक/Date 26/10/2020

05 अक्टूबर, 2020

अधिसूचना

(एकवर्षीय पार्ट टाईम योग डिप्लोमा कोर्स सत्र-2020-21)

दिनांक 21.11.2020 से प्रारम्भ होने वाले **योग डिप्लोमा** प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्रों/कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों से विहित आवेदन-प्रपत्र पर आवेदन एतद्द्वारा आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक **अभ्यर्थियों को कक्षा 12वीं पास तथा योग सर्टिफिकेट कोर्स उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। योग डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम** एक आंगिक विन्यासगत विधा होने के कारण इसमें दिव्यांग/विकलांग अभ्यर्थी प्रवेश के योग्य नहीं होते हैं। निर्धारित आवेदन प्रपत्र प्रकाशन कक्ष (विक्रय पटल) (लक्ष्मण दास अतिथि गृह के सामने) से 50 रुपये में **दिनांक 07.10.2020** से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र के साथ कक्षा दस व कक्षा बारह के अंकपत्र एवं उनके **प्रमाणपत्र** की फोटो कापी संलग्न करना अनिवार्य है। साथ ही आवेदक अपनी स्नातक, परास्नातक परीक्षाओं तथा शोध उपाधि के प्रमाणपत्र भी सलग्न करें। प्रवेश में शैक्षिक उत्कृष्टता को वरीयता प्रदान की जा सकती है। साथ में आवेदन प्रपत्र पर उचित स्थान के ऊपर आवेदक का **यथाविधि प्रमाणीकृत छायाचित्र** अनिवार्यतः चिपका होना चाहिए। यथाविधि पूर्ण आवेदन प्रपत्र **मालवीय भवन स्थित योग-साधना केन्द्र कार्यालय** में कार्यालयीय समयावधि में **दिनांक 20.10.2020** तक जमा करना आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश शैक्षिक योग्यता, अभ्यासगत दक्षता एवं साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश समिति के निर्णयानुसार होगा। अभ्यासगत दक्षता एवं साक्षात्कार की तिथि

Varanasi 221005, UP, INDIA
Phone No: 0542-6703233
Website: www.bhu.ac.in
Web : www.bhu.ac.in

यथा आवश्यक होने पर बाद में घोषित होगी। शैक्षिक योग्यता, अभ्यासगत दक्षता एवं साक्षात्कार के आधार पर पात्र पाये गये, **योग डिप्लोमा** प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रविष्ट अभ्यर्थियों की सूची **दिनांक 11.11.2020** को घोषित होने की सम्भावना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रवेश सम्बन्धी कोई भी व्यक्तिगत पत्राचार **मालवीय भवन कार्यालय स्थित योग-साधना केन्द्र** द्वारा नहीं किया जाता है। एतद्विषयक समस्त सूचनायें योग साधना केन्द्र, मालवीय भवन, के सूचनापट्ट द्वारा ही यथासमय विज्ञापित की जाती है।

समन्वयक
योग साधना केन्द्र

सूचनार्थ प्रेषित प्रतिलिपि– पत्रांक सं०/एम०बी०/यू०पी०/2020-21/6132

1. कुलसचिव, का. हि०. वि. वि.
2. छात्र अधिष्ठाता, का. हि. वि. वि.
3. समन्वयक, संगणक केन्द्र, का. हि. वि. वि.को बी.एच.यू. पोर्टल पर प्रकाशनार्थ।
4. सूचना जनसम्पर्क अधिकारी, का. हि. वि. वि.
5. प्रकाशन एवं विक्रय केन्द्र, का. हि. वि. वि.
6. समन्वयक, अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र, का. हि. वि. वि.

05.10.2020
समन्वयक
COORDINATOR
योग साधना केन्द्र
Yoga Sadhana Kendra
मालवीय भवन
MALAVIYA BHAWAN
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
Banaras Hindu University

समन्वयक
योग साधना केन्द्र